# नमूना प्रश्न पत्र

विषय–हिन्दी

कक्षा–9वीं

कोड नं0............

समय–3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक–80

- कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ तथा कुल प्रश्न 13 हैं।
- प्रश्न पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं0 तथा सेट को छात्र उतर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न पत्र का उतर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का कमांक अवश्य लिखें।
- उतर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोडें।
- उतर पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उतर न काटें
- परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं0 के अतिरिक्त प्रश्न पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्रों पर किसी प्रकार का निशान न लगाए।
- कृपया प्रश्नों के उतर देने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि प्रश्न पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरांत इस संदर्भ में कोई भी दावां स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः–(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) शुद्ध, सार्थक तथा तर्क संगत उतरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शुन्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

Downloaded from cclchapter.com

(खण्ड–क)

प्रश्न 1. निम्नलिखत प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिएः–

(क) वर्ण किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? 2

(ख) तलाब, पेड़, (दो–दो पर्यायवाची लिखिए) 2

(ग) समास किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 2

i) आँख का तारा

ii) ईट से ईट बजाना

(ङ) शुभ, पसंद (विलोम शब्द लिखिए) 2

(च) अभी, अव (उपसर्गों के प्रयोग से दो–दो शब्द बनाईए) 2

(छ) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों का नाम लिखिए–2

i) धूल भागी घाघरा उठाए।

ii) रघुपति राघव राजा राम।

प्रश्न 2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– 5

(क) कम्प्यूटर वर्तमान युग की आवश्यकता

(ख) देश प्रेम

(ग) राष्ट्र भाषा हिन्दी

(घ) विज्ञान के लाभ–हानि

(ङ) मेरा प्रिय नेता

Downloaded from cclchapter.com

प्रश्न 3 प्रातः कालीन भ्रमण का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

जुर्माना माफी के लिए अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिए।

(खण्ड–ख)

प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य–खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 1x6=6

(क) कबीर दास की एक मात्र रचना का क्या नाम है?

(i) बीजक (ii) सतसई (iii) शतक (iv) सप्तक

(ख) कवयित्री को कहाँ जाने की चाह घेरे हुए है?

(i) विद्यालय (ii) घर (iii) मंदिर (iv) धर्मशाला

(ग) रसखान अगले जन्म में किस पर्वत का पत्थर बनना चाहते हैं?

(i) ढोसी का (ii) विध्यांचल (iii) गोवर्धन (iv) हिमालय

(घ) संकट–सागर पर अपने चमकीले गीतों को कौन तैराता है?

(i) कवि (ii) लोक गायक (iii) चिड़िया (iv) कोयल

(ड) आम के पेड़ की शाखाएं किससे लड़ गई हैं?

(i) पक्षियों से (ii) मंजरियों से (iii) भौरों से (iv) कीड़ों से

Downloaded from cclchapter.com

(च) बादल रुपी पाहुन की अगवानी कौन कर रहा है?

(i) पेड़ (ii) तालाब (iii) हवा (iv) सरपंच

प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x5=5

कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज्यादा यह
कि हैं सारी चीजें हस्बमामूल
पर दूनिया की हजारों सड़कों से गुजरते हुए
बच्चे, बहुत छोटे छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं।

प्रश्न–(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
(ख) 'हस्बमामूल' का क्या अर्थ है?
(ग) बच्चों के काम पर जाने का क्या कारण प्रतीत होता है?
(घ) कवि ने किस स्थिति को अधिक भयावह बताया है?
(ड़) बहुत छोटे–छोटे बच्चे कहाँ जा रहे हैं?

प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 3

"आइ सीधी राह से, गई न सीधी राह।

सुषुम–सेतु पर खड़ी थी, बीत गया दिन आह!"

प्रश्न 7 (क) कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है? 3

(ख) 'कैदी और कोकिला कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यन्त्रणाओं का वर्णन किजिए। 3

(खण्ड–ग)

प्रश्न 8 क्षितिज (गघ–खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के

Downloaded from cclchapter.com

उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। 1x6=6

(क) बैलों को रोटियां किसने खिलाई?

(i) झूरी ने (ii) छोटी लड़की ने (iii) गया ने (iv) झूरी की पत्नी ने

(ख) लेखक को मंदिर में बहुवचन की कितनी हस्तलिखित पौथियां मिली?

(i) 105 (ii) 108 (iii) 103 (iv) 106

(ग) 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ के लेखक कौन है?

(i) श्यामचरण दूबे (ii) जैनेन्द्र (iii) प्रेमचन्द (iv) कमलेश्वर

(घ) शालिम अली की आँखों पर क्या चढ़ा रहता था?

(i) चश्मा (ii) दूरबीन (iii) परदा (iv) नशा

(ङ) प्रेमचन्द की कमजोरी क्या थी?

(i) चापलूसी (ii) क्रोधित होना (iii) विनम्रता (iv) गलत बात से समझौता न करना।

(च) बेगम साहिबा बच्चों को क्या पुकारने को कहती थी?

(i) दादी (ii) चाची (iii) नानी (iv) ताई

प्रश्न 9 निम्नलिखित गंद्याश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x5=5

प्रेमचन्द का एक चित्र मेरे सामने है, पत्नी के साथ फोटो खिंचा रहे हैं। सिर पर किसी मोटे कपड़े की टोपी, कुरता और धोती पहने हैं। कनपटी चिपकी है, बालों की हड्डियां उभर आई हैं, पर घनी मूँछें चेहरे को भरा–भरा बतलाती हैं। पाँवों में केनवस के जुते हैं, जिनके बंद बेतरतीब बँधे हैं।

प्रश्न (क) प्रस्तुत गघांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।
(ख) प्रस्तुत गघांश का प्रसंग लिखिए।
(ग) लेखक के सामने किसका चित्र है?
(घ) प्रेमचन्द ने सिर पर क्या पहना है?

Downloaded from cclchapter.com

(ड़) प्रेमचन्द का चेहरा किस कारण भरा–भरा दिखाई देता है?

प्रश्न 10 राहुल सांकृत्यायन अथवा महादेवी वर्मा का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए। 5

प्रश्न 11 (क) गया को बैल घर तक ले जाने में पसीना क्यों आ गया?

(ख) किस घटना ने सालिभ अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

प्रश्न 12 कृतिका भाग–1 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+3=6

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

(ख) लेखिका की परदादी ने किस प्रकार एक चोर को किसान बना दिया?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट किजिए।

(खण्ड–ड़)

प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य–पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय पश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। 1x4=4

1. स्वामी जी ने युवक से कितने सेर वनज का पत्थर लाने को कहा?
   (i)चार सेर (ii) तीन सेर (iii) दो सेर (iv) एक सेर
2. शिवाजी की माता का क्या नाम था?
   (i)कौशल्या देवी (ii) जीजा बाई (iii) दुर्गावती (iv) यशोदा
3. निम्नलिखित में कौन–सा त्यौहार हिन्दुओं का नहीं है?
   (i)क्रिसमस (ii) होली (iii) दिवाली (iv) दशहरा
4. शांति स्थापना का मूल मन्त्र क्या है?
   (i)शक्ति (ii) प्रभाव (iii) धन (iv) सद्‌व्यवहार

(ख) सत्संगति के चार लाभ बताइए। 3

(ग) भारत को त्यौहारों का देश क्यों कहा जाता है? 3

Downloaded from cclchapter.com

Downloaded from cclchapter.com